हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 11 जून 2026


तापमान

अधिकतम 43 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 31.0 डिग्री से.


12 एक्सपायरी हो चुके सिलेंडरों की जगह करवाया...





12 लड़कों में अश्वनी-लड़कियों में निशा सर्वश्रेष्ठ




## जींद में रातभर गुल रही बिजली, निगम को मिली 550 शिकायतें, करीब 15 लाख रुपये का नुकसान

# तेज आंधी से 614 खंभे और 10 पेड़ गिरे

### गर्मी से राहत नहीं दे पाई बरसात, 42 डिग्री पर पहुंचा तापमान

**कई जगह पर ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में मंगलवार रात आई आंधी, बारिश और हलकी ओलावृष्टि ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। हालांकि बुधवार को मौसम उमस भरा रहा और लोगों को परेशान किया। मंगलवार रात आई तेज आंधी की वजह से जिले में करीब 614 बिजली पोल और 10 पेड़ गिर गए। कहीं-कहीं बिजली ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए। इस प्राकृतिक आपदा से निगम को करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर पेड़ और पोल गिरने से बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचा। जिसके चलते रातभर अनेक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। गांव पांडू पिंडारा मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि 12 जून से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाने, तेज हवा चलने तथा कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। तापमान में भी गिरावट आएगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मंगलवार को शाम तक भीषण गर्मी पड़ रही थी लेकिन देर शाम अचानक मौसम बदल गया और आंधी चलने लगी। इसके बाद हवा के साथ बारिश भी शुरू हो गई। नरवाना क्षेत्र में हलकी ओलावृष्टि भी हुई। जींद में 5.2 एमएम, नरवाना और उचाना क्षेत्र में तीन, जुलानाए अलेवा में दो एमएम बारिश हुई जबकि सफीदों और पिल्लूखेड़ा सूखा रहा।। बारिश दर्ज की गई। हालांकि बारिश की मात्रा अधिक नहीं रही लेकिन तेज हवाओं ने काफी नुकसान पहुंचाया। निगम के कर्मचारियों ने देर रात से ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया था लेकिन व्यापक नुकसान के कारण सभी क्षेत्रों में तुरंत बिजली बहाल नहीं हो सकी। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के पटेल नगर, संत नगर, श्याम नगर, कैथल रोड, भिवानी रोड, राम नगर, एकता नगर, अर्बन एस्टेट, बुढ़ा बाबा बस्ती एरिया में कई घंटे बाद बिजली बहाल हो पाई जबकि ग्रामीण क्षेत्र में तो पूरी रात ही बिजली गुल रही।





जींद। तेज आंधी के चलते गिरा बिजली पोल व बारिश के बाद गली में जमा हुआ पानी। फोटो :हरिभूमि

### शहर की बिजली सप्लाई बहाल

अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि रात को ही कर्मचारियों को मौके पर भेज दिया था। शहर में कई जगह कुछ ही समय बाद बिजली सप्लाई बहाल हो गई थी लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में पोल टूटने से बिजली सप्लाई होने में समय लगा।

### लू के थपेड़ों ने बढ़ाई परेशानी

बारिश और आंधी के बावजूद लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया जबकि उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। दिन चढने के साथ ही तेज धूप निकल आई और गर्म हवाओं का असर भी महसूस किया गया। दोपहर के समय तो लू के थपेड़ों ने बेहाल कर दिया। सड़कों पर लोगों का कम ही आवागमन दिखाई दिया।

### रातभर गुल रही बिजली

आंधी और बारिश के कारण जिलेभर से बिजली बाधित होने की करीब 550 शिकायतें निगम के कंट्रोल रूम में दर्ज हुईं। शिकायतों के समाधान के लिए कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया। नरवाना और उचाना क्षेत्र में 33 केवी सब स्टेशन ब्रेक डाउन हो गए। कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए और पोल गिरने से यातायात भी प्रभावित हुआ। उचाना, जींद और आसपास के क्षेत्रों में पेड़ सड़कों पर गिरने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## कैथलः गर्मी के साथ बढ़ी आंखों के मरीजों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल शहर में गर्मी बढ़ने के साथ अस्पताल में आंखों से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अस्पताल में हर रोज सैकड़ों की संख्या में एलर्जी और ड्राइनेस से संबंधित बीमारियों के मरीज पहुंच रहे हैं। आंखों की जांच और इलाज करवाने वाले मरीजों की नेत्र ओपीडी वार्ड के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। मरीज इतने ज्यादा बढ़ गए हैं कि काफी इंतजार के बाद उनका जांच व इलाज का नंबर आ रहा है। सामान्य दिनों में जहां अस्पताल में 200 से 250 के बीच आंखों के मरीजों की ओपीडी व जांच होती है। अब लू और गर्मी के चलते मरीजों की संख्या बढ़कर 350 तक पहुंच गई है। हालांकि अस्पताल में नेत्र ओपीडी के लिए डॉक्टर व स्टाफ मौजूद है, लेकिन मरीजों की संख्या ज्यादा से ओपीडी में समय लग रहा है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे मौसम में हर बार मरीजों की संख्या बढ़ती है। करीब 40% मरीज ऐसे होते हैं, जिनकी आंखों में लू के कारण एलर्जी या ड्राइनेस हो जाती है। इसी के चलते मई से लेकर जुलाई तक अक्सर आंखों की ओपीडी बढ़ जाती है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि थोड़ी सी दिक्कत होने पर नेत्र रोग विशेषज्ञ से आंखों की जांच करवाएं और बाहर निकलते समय चश्मे का प्रयोग करें। इससे काफी हद तक इन बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है।

### धूप में चश्मे लगाएं

डा. विकास गुप्ता ने बताया कि गर्मियों में आंखों की देखभाल जटिल नहीं है, लेकिन इसमें निरंतरता की आवश्यकता होती है। "जिस तरह हम त्वचा और संपूर्ण स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं, उसी तरह आंखों को भी मौसमी देखभाल की आवश्यकता होती है। आंखों को छूने से पहले हाथों को साफ करना, दिन भर पर्याप्त पानी पीना, स्विमिंग पूल में सुरक्षात्मक चश्मा पहनना, बाहर धूप में अच्छी गुणवत्ता वाले धूप के चश्मे का उपयोग करना और नियमित रूप से स्क्रीन से ब्रेक लेना बच्चों और बुजुर्गों दोनों में गर्मियों में होने वाली कई आम आंखों की समस्याओं को रोक सकता है।

## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक कल

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 12 जून को डीआरडीए के सभागार में सायं तीन बजे होगा। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के खेल, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी कर निश्चित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### भोंगरा मार्ग से सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**उचाना।** उचाना कलां से भोंगरा रोड पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना थाना पुलिस ने बुधवार सुबह सूचना मिली कि उचाना कलां से भोंगरा रोड़ पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसके सिर पर चोट लगी हुई है।

### बाप व बेटी पर हमला कर किया घायल, केस

**जींद।** गांव सुरजाखेड़ा में रंजिशन हमला कर बाप व बेटी को घायल करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने पांच लोगों को नामजद कर तीन चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुरजाखेड़ा निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का ही नीरज उसके भाई को खेल के मैदान में गलत बोलता था। जिस पर वे नीरज के घर जाकर उल्हाना दे आए। उस समय तो मामला शांत हो गया। बाद में शाम को नीरज तथा उसके परिवार के लोग व अन्य उनके घर आकर गाली गलौज करने लगे।

### गाड़ी से मारी टक्कर फिर बेरहमी से पीटा

**जींद।** सफीदों में नहर पटरी पर पहले व्यक्ति की बाइक गाड़ी से टक्कर मार गिराया और फिर आरोपितों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपितों ने व्यक्ति को गोली मारने की भी धमकी दी। शहर थाना सफीदों पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर दो लोगों को नामजद कर आठ दस अन्य के खिलाफ मारपीट करने शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जानकार बनकर लगाया 1.40 लाख रुपये का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने ईगराह के व्यक्ति को जानकार बता व जमीन देने का झांसा देकर एक लाख 40 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव ईगराह निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ फरवरी को उसके फोन पर कॉल आई। उसने गुरूग्राम से जानकार बन कर बात की और कहा कि उसकी गांव ईगराह में अढ़ाई एकड़ जमीन है। उस जमीन को बेच दे। उसके साले का लड़का बीमार है और उसका इलाज मेदांता में चल रहा है। मेरे फोन से रुपये ट्रांसफर नही हो रहे हैं। जिसके बाद उसने एक खाता नंबर दिया था।

### गांजा सप्लाई मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम ने आरोपी शोरगिर बस्ती कुरुक्षेत्र निवासी सूरज को काबू कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 जून को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा कैथल-कुरुक्षेत्र रोड पर नाकाबंदी दौरान महिन्द्रा सुपरो में सवार आरोपी बारवां कुरुक्षेत्र निवासी बलदेव सिंह उर्फ कालू व रवि को एक कट्टे से 20 किलो 780 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया गया था।

## मोटा ब्यॉज वसूलने व धमकी देने पर फाइनेंसर के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोटे ब्याज पर रुपये देकर मूल राशि से ज्यादा वसूली करने तथा जमीन नाम करवाने के लिए दबाव डालने पर शहर थाना पुलिस ने एक फाइनेंसर के खिलाफ अवैध वसूली करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुढाबाब बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी करता है। उसने लगभग तीन साल पहले नई काठमंडी मे फाइनेंस का काम करने वाले गांव रामराये निवासी दलबीर से तीन लाख रुपये पांच प्रतिशत सैंकड़ा ब्याज पर लिए थे ताकि बेटी की शादी की जा सके। जिसका ब्याज 15 हजार रुपये महीना था। गांरटी के तौर उसने दलबीर के पास जमीन गिरवी रख दी। वह ब्याज के इलावा राशि भी देता रहा। मजदूरी न मिलने के कारण कुछ समय किश्त नही दे सका। वह दलबीर को तीन लाख 60 हजार रुपये दे चुका है। दलबीर अब भी उसकी तरफ तीन लाख 72 हजार रुपये बकाया बता रहा है। जो की उसके बलबूते से बाहर हो चुका है। दलबीर अब उस पर रुपये लौटाने या प्लाट नाम करवाने के लिए दबाव बना रहा है।

### कैथल के युवक की करनाल में सड़क हादसे में जान गई

**ढांड।** करनाल जिले में सीतामाई के समीप बीती रात सड़क हादसे में कैथल जिले के गांव पबनावा निवासी युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में आयोजित जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। वहां उपचार के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे का इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान नसीब सिंह उर्फ सोनू (35) पुत्र चतरु राम, निवासी गांव पबनावा जिला कैथल के रूप में हुई है।

## बोलेरो गाड़ी से 162 पेटियां अवैध शराब बरामद

- गाड़ी के इंजन एवं चेसिस नंबर को भी नुकीली वस्तु से मिटाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना पुलिस ने एक बोलेरो पिकअप गाड़ी को काबू कर उसमें से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर दो आरोपितों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपितों से शराब से संबंधित कागजात मांगे तो वो दिखाने में नाकामयाब रहे। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र सिंह ने बुधवार को



जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि रोहतक रोड की ओर से एक बंद बॉडी बोलेरो पिकअप गाड़ी में अवैध शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने छोटा रेलवे स्टेशन अंडरपास के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। नाकाबंदी के दौरान मिली सूचना अनुसार बोलेरो पिकअप गाड़ी को रोक कर जांच की गई तथा उसमें सवार व्यक्तियों ने पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपितों की पहचान गांव पुट्ठी निवासी अमित व गांव बडछप्पर हांसी निवासी अजय के रूप में बताई। बुलेरो गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें 162 पेटियां अवैध शराब बरामद हुईं। प्रत्येक पेटी में 48 पव्वे पाए गए। जिनकी कुल संख्या 7,776 पव्वे (लगभग 1,944 बोतल) थी। आरोपितों से शराब संबंधी परमिट, प्रस्तुत करने को कहा गया परंतु आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

### मामला दर्ज

पुलिस जांच के दौरान यह भी सामने आया कि बुलेरो गाड़ी के इंजन एवं चेसिस नंबर को भी किसी नुकीली वस्तु से मिटाने का प्रयास किया गया है। जिससे वाहन की वास्तविक पहचान छिपाई जा सके। पुलिस द्वारा नियमानुसार शराब व बुलेरो गाड़ी को कब्जा पुलिस लिया गया तथा थाना शहर जींद में आरोपितों अमित व अजय के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



जींद। मीटिंग लेते एसडीओ। फोटो :हरिभूमि

### अवैध कनेक्शन पर विभाग कसेगा शिकंजाः शर्मा

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सफीदों के उपमंडल अभियंता राकेश शर्मा ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अवैध व व्यर्थ में पानी बहाने वाले कनेक्शनों पर विभाग शिकंजा कसेगा और उन कनेक्शन धारकों पर सख्त कार्रवाही की जाएगी। इसके लिए विभाग ने सफीदों सहित कालवा, गांगोली, खेड़ा खेमावती व शिलाखेडी सहित दर्जनों गांव में जल संरक्षण अभियान शुरू किया गया है। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सफीदों के उपमंडल अभियंता राकेश शर्मा बुधवार को जल संरक्षण अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उपमंडल अभियंता ने कहा कि सफीदों व पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जल संरक्षण अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभाग की संयुक्त टीम खंड समन्वयक बलवान सिंह व सुरेंद्र दुग्गल की अगुवाई में घर-घर जाकर पेयजल आपूर्ति व पेयजल कनेक्शन चैक कर रही है।

## हत्या के मामले में चार आरोपित दबोचे

- पुरानी रंजिश के चलते हमला कर की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गढ़ी थाना पुलिस ने रंजिश के चलते हत्या के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गढ़ी थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलबाग सिंह ने बुधवार को जानकारी देते बताया कि धमतान साहिब पुलिस चौकी में सूचना मिली थी कि गांव ढाबी टेक सिंह निवासी विकास को झगड़े में लगी चोटों के कारण नागरिक अस्पताल नरवाना से रेफर कर मेडिकल कॉलेज अग्रोहा ले जाया गया है। सूचना पर पुलिस अग्रोहा



पहुंची तो वहां घायल के पिता सुदेश ने बताया कि उसका लड़का विकास एक जून को उसके साथी कमल के साथ मोटरसाइकिल पर अपने गांव ढाबी टेकसिंह आ रहा था। तभी धमतान से भुलन रोड पर उनकी मोटरसाइकिल को एक गाड़ी से टक्कर मार कर गिरा दिया गया तथा गाड़ी से उतरे दो-तीन लड़कों व मोटरसाइकिलों पर आए चार-पांच अन्य लड़कों ने विकास को चोटें मारी। घायल विकास को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज अग्रोहा रेफर कर दिया। उपचार के दौरान चार जून को विकास की मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर गांव ढाबी टेकसिंह निवासी सतीश, सूर्य देव, बिंटू व फतेहाबाद निवासी चंद्र को नियमानुसार गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपितों से पूछताछ की तो टोहाना निवासी बलिंद्र व बिट्टू तथा सोथा (कैथल) निवासी विनोद व सावन के नाम उभर कर सामने आए। जिस पर पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

## जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख ठगी का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख ठगी मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई कुलबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जीरकपुर जिला मोहाली पंजाब निवासी ब्रिज मोहन को गिरफ्तार कर लिया गया। । पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव डयोढखेड़ी निवासी शीशपाल व जोगिंद्र की शिकायत अनुसार वह दोनों भूमि खरीदना चाहते थे। जो डीलर का काम करने वाले खेड़ी निगरा पटियाला पंजाब निवासी कर्मजीत, समाना पंजाब निवासी जोगिंद्र सिंह व अंग्रेज सिंह उनसे मिले व कई गांव में जमीन दिखाई । उन्होने उन्हे गांव शादीपुर तहसील गुहला में 50 कनाल 15 मरले भूमि दिखाई। जो भूमि उन्हें पसंद आ गई। डीलरों द्वारा उन्हे जमीन के मालिक कहकर गांव पलौंदिया जिला पटियाला पंजाब निवासी अमरजीत सिंह व कमलजीत सिंह से मिलवाया और कहा कि यह जमीन इनकी है। 37 लाख 75 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से उनका सौदा तय हो गया। 12 मार्च को 60 लाख रुपये बयाना देकर इकरारनामा करवा दिया गया।

### तालाब से उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल

# गोगा मेड़ी तालाब की बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव पिलनी स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व रखने वाले गोगा मेड़ी तालाब की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। तालाब में लंबे समय से गंदा एवं दूषित पानी जमा होने के कारण आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। तालाब से उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है तथा क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में गंदगी और जलभराव की समस्या काफी समय से बनी हुई है, लेकिन अब स्थिति और भी गंभीर हो गई है। गर्मी के मौसम में गंदे पानी से उठने वाली बदबू के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास रहने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं मच्छरों एवं अन्य कीटों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि आगामी मानसून को देखते समस्या और भी विकराल रूप धारण कर सकती है। वर्षा ऋतु के दौरान यदि तालाब की समय रहते सफाई नहीं करवाई तो गंदा पानी आसपास के क्षेत्रों में फैल सकता है, जिससे लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी। इसके अलावा जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने से जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते गोगा मेड़ी तालाब की तत्काल सफाई करवाई जाए।



पूंडरी। गांव पिलनी में गोगा मेड़ी तालाब का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

गांव पिलनी के निवासियों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन उनकी इस गंभीर समस्या पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करेगा, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और गोगा मेड़ी तालाब को पुनः स्वच्छ एवं उपयोगी बनाया जा सके। इस मौके पर रामकला, संदीप कुमार, राजेंद्र, काला राम, राजकुमार, संजय, सुभम, सोनू, मेहशा, राजा, मुकेश आदि मौजूद थे।



कैथल। नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### कार्यकारी अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी

**कैथल।** आल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की गेट मीटिंग कार्यकारी अभियंता कैथल के ख़िलाफ़ शुरू की गई। आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट प्रधान अमरदीप बनवाला की और मंच का संचालन सुरेंद्र पहलवान ने किया। गेट मीटिंग का मुख्य एजेंडा कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन कैथल मनीष लगातार निगम के रूल के खिलाफ काम करके जिन कर्मचारियों के ऑर्डर दूसरी सब डिविजन में है उनको अपने ऑफिस में बैठाए हुए है और उनकी अटेंडेंस दूसरी जगह लगवाता है। इसके साथ ही कई टेक्नीकल स्टाफ को भी ऑफिस में बैठाए है जबकि उनकी अटेंडेंस दूसरी जगह लग रही है। अगर एक्सन ऑपरेशन से यूनियन बात करती है तो उनका एक ही जवाब होता है कि मेरे को इस कर्मचारी की जरूरत है और ये मेरे को पैसे कमा कर देता है।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क समर कैंप 21 जून से शुरू होगा

**उचाना।** बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को मनोरंजक, ज्ञानवर्धक और यादगार बनाने के उद्देश्य से उचाना सर्वोदय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा निशुल्क समर कैंप 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 21 जून से 28 जून 2026 तक पालवा रोड स्थित नाथ जी प्राइवेट आईटीआई, उचाना में आयोजित होगा। डायरेक्टर संजय करसिंधु ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों और किशोरों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें निखारने का अवसर प्रदान करना है। कैंप में 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चे एवं किशोर भाग ले सकेंगे।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

**जींद।** शहर मे अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज नगर निवासी रीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सदर थाना के सामने सड़क को पार कर रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गई। वहीं वार्ड आठ निवासी हिमांशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बैंड मार्केट में तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव रामकली से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रामकली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात जून को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मोहलखेड़ा के योग खिलाड़ियों का सम्मान

**नरवाना।** नोर्थ इंडिया योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में गोल्ड सिल्वर एवं ब्रॉज मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन करने वाले मोहलखेड़ा के खिलाड़ियों का व्यायामशाला में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य वीरेंद्र सिंह मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेडल विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार एवं योगा किट प्रदान कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी अमित रोहिला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच विजय बेदी ने व्यायामशाला के विकास के लिए महत्वपूर्ण सहयोग देते कुर्सी, मेज व अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध करवाया गया व जल्द ही ओपन जिम लगवाने का आश्वासन दिया गया।

### बाइक सवारों ने कुल्फी वाले से तीन हजार छीने

**जींद।** उचाना के रेलवे रोड स्थित रुपया चौक पर बाइक सवार तीन युवको ने कुल्फी बेचने वाले से तीन हजार रुपये की नकदी छीन ली और फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बराही जिला माधेपुरा (बिहार) निवासी रामकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किराये का कमरा लेकर उचाना कलां में कुल्फी बेचता है।

### मई की शेष वस्तुओं का वितरण 15 जून तक

**जींद।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) राजेश कुमार आर्य ने बताया कि जिन पात्र लाभार्थियों को मई माह के दौरान वितरित की जाने वाली आवश्यक वस्तुएं, जिनमें चीनी तथा सरसों का तेल शामिल है। किसी कारणवश प्राप्त नहीं हो सकी थी वे अब 15 जून तक अपने संबंधित डिपो धारकों के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र लाभार्थियों को सरकार द्वारा तय खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं का लाभ समय पर मिले।

### नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में फायर सेफ्टी के प्रबंध

# एक्सपायर हो चुके सिलेंडरों की जगह करवाए जा रहे नए इंस्टॉल

## फायर सेफ्टी उपकरणों के साथ-साथ स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया

**प्रतिदिन बिल्डिंग में होता है हजारों का आना जाना**





जींद। एक्सपायर हो चुका सिलेंडर व नई बिल्डिंग में इंस्टॉल होने के लिए आए सिलेंडर। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के साथ-साथ अब नई बिल्डिंग में भी फायर सेफ्टी को लेकर स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्तर पर कोई कोर कसर नही छोड़ना चाह रहा है। अस्पताल को अब तक फायर सेफ्टी एनओसी नही मिली है और बिना एनओसी के ही अस्पताल संचालित किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में आगजनी की घटना से बचाव को लेकर पुरानी बिल्डिंग में अग्निशमन उपकरण पहले ही लगाए जा चुके हैं। अब नई बिल्डिंग में भी फायर सिलेंडरों को बदलने का काम किया जा रहा है। वार्ड और ओपीडी के निकट जगह-जगह फायर सिलेंडर लगवाए जा रहे हैं। नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां सौ बैड पुरानी व सौ बैड पुरानी बिल्डिंग में है। लगभग एक माह पहले अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में अस्पताल प्रशासन द्वारा दो तरह के फायर सिलेंडर रखवाए गए थे। जिनका प्रयोग आग लगने पर किया जा सकता है। इसमें एक सिलेंडर 50 लीटर क्षमता के हैं। जिनकी संख्या छह है।

इन फायर सिलेंडर के नीचे व्हील लगे हैं, जिन्हें जरूरत के समय कहीं भी उपयोग किया जा सकता है। वहीं साढ़े चार लीटर क्षमता के 40 छोटे सिलिंडर भी जगह-जगह रखवाए गए हैं। इन सिलेंडरों को दीवार पर लगवाया गया है। वहीं अब नई बिल्डिंग में भी जगह-जगह फायर सिलेंडर लगाने का काम किया जा रहा है। हालांकि कई जगह सिलेंडर लगे हुए थे, जिनकी एक्सपायरी आने वाले थी। उनकी जगह भी नए फायर सिलेंडर इंस्टॉल किए जा रहे हैं। नागरिक अस्पताल की पुरानी व नई बिल्डिंग की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन हजारों का आना-जाना होता है। पुरानी बिल्डिंग में इमरजेंसी वार्ड तो नई बिल्डिंग में ओपीडी वार्ड हैं। सुरक्षा की दृष्टि से यहां फायर सेफ्टी इंतजाम बेहद जरूरी थे। इसलिए यहां फायर सिलेंडर इंस्टॉल करवाए जा रहे हैं। छोटे सिलेंडरों को भवन में अलग-अलग कमरों के बाहर दीवार पर लगाया जा रहा है।

#### सिलेंडर इंस्टॉल करवाए जा रहे

नई बिल्डिंग में फायर सिलेंडरों को इंस्टॉल करवाया जा रहा : पीएमओ
प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि नई पुरानी बिल्डिंग में फायर सिलेंडरों को इंस्टॉल करवाया जा रहा है। फायर सेफ्टी सिलिंडर लगने के बाद आग की संभावित घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। अस्पताल प्रबंधन को मरीजों और तिमारदारों की सुरक्षा का ख्याल है। इसीलिए यह सिलेंडर इंस्टॉल करवाए जा रहे हैं।

#### पुरानी बिल्डिंग को फायर एनओसी नहीं

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को अबतक फायर एनओसी नही मिली है। फायर एनओसी हासिल करने के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा फायर सिलेंडरों को इंस्टॉल करवाया जा रहा है। इससे पहले जगह-जगह रेत से भरी लाल रंग की बाल्टियों को रखा गया था। जो आग लगने पर किसी भी सूरत में कारगर साबित नही हो सकती थी। ऐसे में फायर सिलेंडर इंस्टॉल होने के बाद अस्पताल प्रशासन को फायर एनओसी मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। इससे मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। बाकायदा फायर सेफ्टी उपकरणों के साथ-साथ स्टाफ को भी उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।



जींद। सीआरएसयू कुलपति के निजी सचिव को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

## स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों को बजटेड श्रेणी में शामिल करने की उठाई मांग

- एबीवीपी ने विवि कुलगुरु के निजी सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय कुलगुरु के निजी सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय में संचालित बीए एलएलबी, एलएलबी, एलएलएम, भूगोल एवं योग विज्ञान विभाग के स्ववित्तपोषित सेल्फ फाइनेंसद्ध पाठ्यक्रमों को बजटेड श्रेणी में शामिल करने की मांग की गई। इस अवसर पर एबीवीपी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि वर्तमान समय में इन विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है। जिसके कारण आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक ज्ञान एवं अवसर पहुंचाना है लेकिन बढ़ती फीस के कारण अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं या बीच में ही अपनी पढ़ाई छोडऩे के लिए मजबूर हो जाते हैं। विधि (लॉ), भूगोल एवं योग विज्ञान जैसे विषय केवल शैक्षणिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान समय में न्यायिक व्यवस्था, प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शोध के क्षेत्र में इन विषयों की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में इन पाठ्यक्रमों को अधिक से अधिक विद्यार्थियों के लिए सुलभ बनाना समय की आवश्यकता है। परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन एवं राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि अत्यधिक फीस का सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की संख्या पर पड़ रहा है। लॉ विभाग के आंकड़े इसका स्पष्ट उदाहरण हैं। बीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में जहां 115 छात्रों ने प्रवेश लिया था। वहीं छठे सेमेस्टर तक पहुंचते-पहुंचते यह संख्या घटकर मात्र 77 रह गई है।

### योग दिवस की फाइनल रिहर्सल 19 को

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि 21 जून को 12वें विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम नई अनाज मंडी में भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में 19 जून को अनाजमंडी में ही योग दिवस की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। आमजन को योग दिवस में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत तंत्र विकसित हो। कहा कि सभी संबंधित विभाग कार्यक्रम को लेकर अपने-अपने विभाग से संबंधित सौंपे गए दायित्व को समय रहते पूरा करें। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह, नगराधीश मोनिका रानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि



जींद। राजकुमार गोयल को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### बाबा श्याम के जयकारों पर झूमे श्रद्धालु

**जींद।** श्री श्याम तीन बाण धारी सेवा मंडल जींद द्वारा संस्था के दो साल पूर्ण होने के उपलक्ष में श्री श्याम मंदिर बनखंड महादेव मंदिर परिसर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई और भक्ति रस का आनंद लिया। संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायक सोनू सांवरा, जतिन धवन, श्याम ब्रदर्स एवं रोहित राजपूत ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले भजन संकीर्तन में श्रद्धालु बाबा श्याम के जयकारों के साथ भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### कला का जीवन से अटूट नाताः प्रधानाचार्य

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन की भूमिका में उवर्शी भाटिया ने शिरकत की। कार्यशाला का मुख्य विषय कला एकीकरण रहा है। सभी अध्यापकों ने बहुत ही उत्सुकता एवं ऊर्जा के साथ इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसमें अध्यापकों को समझाया गया कि विषय की समझ बढ़ाने के लिए सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ उसका अगर कला के साथ-साथ समिश्रण किया जाए तो विद्यार्थियों के लिए अधिक उपयोगी होगी। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विषयों को रोचक बनाने की जानकारी दी। प्रधानाचार्य सतवीर सिंह ने वक्तव्य में बताया कि जीवन ही कला है और कला का जीवन से अटूट नाता है। विद्यार्थियों में विषय के प्रति रूचि और समझ को विकसित करने के लिए इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन अत्यंत आवश्यक है।




कार्यशाला का शुभारंभ करते उवर्शी भाटिया व अन्य स्कूल स्टाफ।



जींद। कुल्फी बांटते राजन चिल्लाना। फोटो :हरिभूमि

### मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर : राजन

**जींद।** केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बुधवार को विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के दिशा-निर्देशन में राजन चिल्लाना द्वारा कुल्फी की छबील लगाई है। छबील में आम जनता को आइसक्रीम और कुल्फी बांटी गई। राजन चिल्लाना ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय इतना अच्छा है कि उन्होंने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनके नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। इसी खुशी में कृष्ण मिड्ढा और उनके साथियों ने यह छबील लगाई है। उन्होंने बताया कि छबील में आइसक्रीम और कुल्फी लगातार बांटी जा रही है और जब तक लोग मांगेंगे, यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसी तरह देश तरक्की करता रहे। गर्मी बहुत ज्यादा थी और लगातार कुल्फी वितरित की गई है।



जींद। आवेदन करते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

## पहली मेरिट लिस्ट 27 को होगी जारीः मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास केवल पांच दिन का समय बचा है। ऐसे में विद्यार्थियों की ओर से लगातार आवेदन किए जा रहे हैं। वहीं कालेजों में दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य भी जारी है। 22 जून तक कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा विद्यार्थियों के आनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 27 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 28 जून से लेकर एक जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। शहर के राजकीय पीजी कालेज में अब तक अलग-अलग 13 संकायों में 2136 आवेदन किए जा चुके हैं। इसमें 1105 ने पहली प्राथमिकता के आधार पर पीजी कालेज के लिए आवेदन किया है और उसमें से 1092 आवेदनों वेरीफाई हो चुके हैं। बीए आट्र्स में 560 का सत्यापन हो चुका है। वहीं बीए इकोनामिक्स में चार, बीए इंग्लिश में 14, बीए ज्योग्राफी में 20, बीए हिस्ट्री में 16, बीबीए में 60, बीकाम में 101, बीसीए में 132, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस में 83, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 50, बैचलर ऑफ साइंस इन कैमिस्ट्री में 16, बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मैथ में 22 और बैचलर ऑफ साइंस विद मैजर इन फिजिक्स में 14 आवेदनों का सत्यान हो चुका है। वहीं शहर के राजकीय महिला कालेज में अब तक अलग-अलग संकायों में 1260 आवेदन आ चुके हैं। जिसमें से 775 आवेदनों का सत्यापन हो चुका है। बीए आट्र्स में 431 का सत्यापन हो चुका है।

#### लगातार बढ़ रही संख्या

रा. महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने पसंदीदा संकाय में आवेदन करें। इसके बाद 27 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। यूजी कोर्स में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की तारीख को 15 जून तक बढ़ाया है। पहले आनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 31 मई थी। अब आवेदनों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर को

- सफीदों विधानसभा के बीएलए2 के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 के तहत 35 सफीदों विधानसभा क्षेत्र के बीएलए 2 के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय सरला मैमोरियल महाविद्यालय के सभागार में किया । प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी देना तथा पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न करवाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव कार्यालय के कानूनगो नरेश कुमार ने उपस्थित बीएलए 2 को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 जून से 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। मतदाताओं से निर्धारित प्रपत्र भरवाए जाएंगे और मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक सूचनाओं का सत्यापन किया जाएगा। कानूनगो नरेश कुमार ने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में शामिल है, उन्हें वर्ष 2002 से संबंधित विवरण उपलब्ध करवाना होगा। वहीं जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 के बाद मतदाता सूची में शामिल हुआ है, उन्हें अपने माता-पिता अथवा दादा-दादी से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रपत्र में भरनी होगी। यह भी स्पष्ट किया कि जो मतदाता वर्तमान में अपने गांव अथवा शहर से बाहर रह रहे हैं उनके परिवारजन उनकी ओर से प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करवा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया की आगामी समयसारिणी की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची ड्राफ्ट रोल प्रकाशित की जाएगी। इसके पश्चात 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। दावे एवं आपत्तियों पर 21 जुलाई से 18 सितंबर तक सुनवाई की जाएगी तथा सभी मामलों के निपटारे के बाद 22 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते डीसी डा. वैशाली शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### गुणवत्तापरक शिक्षा समाज की प्रगति का आधार : डीसी

**जींद।** उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं, सशक्त, जागरूक और स्वस्थ समाज के निर्माण का आधार भी यही दोनों क्षेत्र हैं। गुणवत्तापरक शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी समाज की प्रगति की नींव होती हैं। लिहाजा इन दोनों क्षेत्रों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। डीसी बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि मिशन का उद्देश्य कक्षा एक से तीन तक के प्रत्येक बच्चे में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का विकास सुनिश्चित करना है ताकि निर्धारित समयावधि में सभी विद्यार्थी अपनी कक्षा के अनुरूप स्तर प्राप्त कर सकें। केवल स्मार्ट क्लासरूम्र डिजिटल उपकरण अथवा भौतिक संसाधन उपलब्ध करा देना पर्याप्त नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के वास्तविक सीखने के परिणाम ही शिक्षा व्यवस्था की सफलता का सही मापदंड हैं।

### एक दिवसीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

# लड़कों में अश्वनी, लड़कियों में निशा सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एकदिवसीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के प्रशासक वीपी शर्मा तथा आर एम ग्लोबल कंपनी के सदस्य सचिन वडाला, जितेंद्र पाल तथा अन्य ने किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में लड़के व लड़कियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में पहुंचने पर सभी खिलाडिय़ोंएप्रशिक्षकों तथा अभिभावकों का टेबल टेनिस एसोसिएशन जींद के प्रधान संजय पहल ने स्वागत व धन्यवाद किया। प्रतियोगिता के डायरेक्टर गौरव ने बताया कि इस एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में लड़कों की 11 आयु वर्ग में परीक्षित ने पहला स्थान प्राप्त किया। 13 आयु वर्ग में अश्वनी ने पहला लोकेश ने दूसरा तथा अभिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 15 आयु वर्ग में योगेश ने पहला अश्वनी ने दूसरा अभिषेक तथा तनिस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 17 आयु वर्ग लड़कों में नमन ने पहला वंश ने दूसरा दीपांशु तथा प्रवेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 19 आयु वर्ग लड़कों में हिमांशु ने पहला दीपांशु ने दूसरा वंश तथा नमन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन संदीप दहीया, प्राचार्य रविंद्र कुमार, प्रशासक वीपी शर्मा, डा. जितेंद्र पाल, डा. रिटा आरएम ग्लोबल कंपनी से सचिन वडाला, हरेंद्र , तिलकराज तथा अब्दुल खान ने विजेताओं को सर्टिफिकेट तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप


पूंडरी। मासिक बैठक में भाग लेते किसान। फोटो : हरिभूमि

### भारतीय सयुक्त मोर्चा की मासिक बैठक हुई

**पूंडरी।** भारतीय सयुक्त मोर्चा की मासिक बैठक किसान भवन पुंडरी में हुई। इसकी अध्यक्षता बलाक प्रधान मांगेराम सिकंदर खेड़ी ने की। जिसमे विशेष तौर से कार्यकारी अध्यक्ष बलवान पाई व प्रदेश महासचिव भुराराम पबनावा ने शिरकत की। बैठक में किसानों की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। बैठक में आसपास के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।



### चोरी करने के मामले में नाबालिग सहित 2 पकड़े

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने छोटी मंडी स्थित एक पंसारी की दुकान में हुई चोरी के मामले को सुलझाते हुए एक नाबालिग को निरुद्ध करने के अतिरिक्त एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जीटीबी कॉलोनी निवासी अमन गोयल की शिकायत अनुसार 15 मई की रात अज्ञात दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुस गए।

# नियमित योग से मानसिक और आध्यात्मिक विकास : रामचरण

## पार्षद विजय गर्ग व समाजसेवी अंजू प्रकाश बंसल ने किया दीप प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार तथा श्री श्याम खाटू सेवा समिति द्वारा सेक्टर 20 हुडा पार्क में चल रहे योग शह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर व सर्व रोग निवारण योग शिविर के नौवें दिन बुधवार का शुभारंभ समाजसेवी पार्षद विजय गर्ग व समाजसेवी अंजू प्रकाश बंसल ने दीप प्रज्वलित करके किया। युवा भारत जिला प्रभारी और तहसील प्रभारी वीरभान कौशिक ने योगिग जॉगिंग सूर्य नमस्कार आसन और प्राणायाम सूक्ष्म व्यायाम करवाए।

भारत स्वाभिमान प्रभारी व शिविर संयोजक रामचरण ने बताया कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है योग से शारीरिक ही नहीं मानसिक और आध्यात्मिक विकास ही होता है। हमारा मन मंदिर आत्मा पवित्र हो जाती है तनाव डिप्रेशन गुस्सा, द्वेष तनाव सब समाप्त हो जाता है और धीरे-धीरे साधक देववत्व की ओर बढ़ने लगता है। अतिथि मंडल से नगर पार्षद विजय गर्ग ने कहा कि ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, सेवा भावना एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज द्वारा प्रशिक्षित शिक्षक इसके लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में होने वाले ऐसे आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। आज से वे भी पतंजलि योग समिति का सदस्य है मेरी जहां भी आप जिम्मेदारी लगाओगे मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझूंगा। अंजू प्रकाश बंसल ने कहा कि स्वस्थ एवं शिक्षित समाज ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने लोगों से सेवा कार्यों एवं सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बदन सिंह आर्य, वीरभान कौशिक, अनिल आर्य, हरपाल मास्टर, रामफल, सतपाल गुप्ता, विनोद कुमार, पवन गोयल, गुड्डी देवी, रमा गर्ग, कमलेश मित्तल, नीलम, रेनू, सुनीता, कविता सहित अनेक साधक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



कैथल। योग शिविर का शुभारंभ करते पार्षद विजय गर्ग व समाजसेवी अंजू प्रकाश बंसल तथा योगासन करते साधक। फोटो : हरिभूमि

## जीवन में योग को अपनाने का दिया संदेश

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पुंडरी में 9 और 10 जून को 12 वें विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का सफल आयोजन महाविद्यालय कि एनएसएस ईकाई और शारीरिक शिक्षा विभाग ने योगा हाल मे किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान तेजवीर सिंह ने छात्राओ को संदेश दिया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का भी एक महत्वपूर्ण आधार है। योग मानसिक तनाव को कम करके आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास करता है, जिससे खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने कार्यक्रम के दूसरे दिन अपने व्याख्यान में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यार्थियों के समग्र विकास में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। योग एकाग्रता, आत्म-अनुशासन, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है। एन.एस.एस संयोजिका डॉ अनु ने छात्राओं से नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान करते कहा कि योग स्वस्थ, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार युवा पीढ़ी के निर्माण में सहायक है।


पूंडरी। प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राएं। फोटो : हरिभूमि


पूंडरी। चेयरमैन सुभाष हजवाना व हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार कमेटी कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो के नंबर अंकित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सभी ईमानदारी से अपना कार्य करें : नरेश कुमार

## भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगा

■ एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आज पूंडरी में हरियाणा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ते मार्केट कमेटी में एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर लगाए गए, जिसका शुभारंभ मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुभाष हजवाना एवं एंटी करप्शन हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में चेयरमैन सुभाष हजवाना व हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार चाहती है कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार खत्म हो, लेकिन इसके लिए आम नागरिक के साथ-साथ अधिकारी और कर्मचारियों का सहयोग भी जरूरी है। भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों को किसी भी सूरत में हरियाणा सरकार द्वारा बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोग सलाखों के पीछे होंगे। हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि हर सूरत पर भ्रष्टाचार खत्म हो सकता है, लेकिन इसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारियों को एक शपथ लेनी होगी कि भ्रष्टाचार की तरफ मुंह भी नहीं करेंगे और ईमानदारी से अपना कार्य करेंगे। तभी भ्रष्टाचार रूपी दानव खत्म हो सकता है। अधिकारी और कर्मचारियों की इसमें सहयोग की आहुति बहुत जरूरी है। हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि आज मार्कीट कमेटी पूंडरी,कृषि विभाग व तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार की मौजूदगी में एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर लगाए गए।

### सूचना

मैं, अनीता पत्नी स्वर्गीय सतीश कुमार निवासी सरगोधा कालोनी जाखोली अड्डा कैथल (हरियाणा) बयान करती हूं कि मेरा पुत्र मोहित गोयल व उसकी पत्नी मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### नोटिस

**न्यायालय ए.सी.द्वितिय श्रेणी, कार्यालय तह. कैथल बा-अख्तयारात तहसीलदार कैथल।**

**प्रार्थना पत्र मृतकान 1. कुन्दन लाल 2. रसाल सिंह 3. महता राम 4. जय लाल पुत्रान भालू राम निवासीगण पटटी चौधरी कैथल के मौजूदा वारसान राजस्व रिकार्ड पटटी चौधरी कैथल की खेवट न. 514 में दर्ज करने बारे।**

सभी आमजन खास को इस इश्तहार (Notice) द्वारा सूचित किया जाता है कि भूमि स्थित पटटी चौधरी कैथल में भूमि 23 कनाल 2 मरला मुन्द्रजा खेवट न.514 मुरब्बा न.59//8,13, 18/1, कुल किते 3 बरूये जमाबन्दी साल 2023-24 के अनुसार कुन्दन लाल-रसाल सिंह-महता राम-जयलाल पुत्रान भालू राम के नाम से चली आ रही हैं और कुन्दन लाल, रसाल सिंह, महता राम, जय लाल पुत्रान भालू राम (चारो भाईयों) निवासीगण पटटी चौधरी कैथल की मृत्यु काफी अरसा दराज पहले हो चुकी है और चारो मृतकों के वारसान द्वारा सम्बन्धित नगर परिषद् कैथल (रजिस्ट्रार जन्म एंव मृत्यु) द्वारा मृत्यु प्रमाण-पत्र की मांग की गई थी, जिस पर दिनांक 01.05.2026 (रजिस्ट्रार जन्म एंव मृत्यु) द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया हुआ है कि उपरोक्त चारो का रिकार्ड कार्यालय जन्म एंव मृत्यु में दर्ज न है और साथ में मृतक कुन्दन लाल की पत्नी प्रसन्नी देवी का व मृतक रसाल सिंह की पत्नी शान्ति देवी का व मृतक महता राम की पत्नी चौली देवी का भी दिनांक 01.05.2026 (रजिस्ट्रार जन्म एंव मृत्यु) द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया हुआ है, की रिकार्ड में दर्ज न है जो साथ सलग्न है। मृतक जय लाल की पत्नी दिनांक 20.01.2024 को मृत्यु को प्राप्त हो चुकी है। जिसका मृत्यु प्रमाण-पत्र साथ सलग्न है। चारो उपरोक्त मृतकान के वारसान निम्न प्रकार से हैं:-

1. मृतक कुन्दन लाल पुत्र श्री भालू राम निवासी कैथल के वारसान :-

क. मृतक प्रसन्नी देवी पत्नी मृतक कुन्दन लाल व राधा लाल पुत्र (मृतक) कुन्दन लाल के वारसान :-

बुगला देवी (मृतक) पत्नी मृतक राधा लाल पांच पुत्रगण श्याम लाल व फतेह सिंह व राम लाल व मनमोहन व सुरेश सैनी व एक पुत्री पार्वती देवी है। जिसमें श्याम लाल मृत्यु को प्राप्त हो चुका है। श्याम लाल (मृतक) पुत्र राधा लाल के वारसान :-

निर्मला देवी विधवा व सन्दीप कुमार व अजय कुमार पुत्रान व पूनम रानी पुत्री श्याम लाल है। ख. अर्जुन सिंह पुत्र श्री कुन्दन लाल पुत्र भालू राम निवासी पटटी चौधरी कैथल जो वर्ष 30.01.2014 में वे-औलाद मृत्यु को प्राप्त हो चुका है। ग. सुरजन सिंह पुत्र श्री कुन्दन लाल पुत्र भालू राम निवासी पटटी चौधरी कैथल जो वर्ष 24.07.2019 में मृत्यु को प्राप्त हो चुका है वारसान :-

सावित्री देवी विधवा सुरजन सिंह निवासी कैथल है। घ. पूनम देवी व सीतो देवी पुत्रीयान श्री कुन्दन लाल पुत्र भालू राम निवासी कैथल है। 2. मृतक रसाल सिंह पुत्र भालू राम निवासी कैथल के वारसान :-

क. शान्ति देवी (मृतक) पत्नी रसाल सिंह पुत्र भीम सिंह दिनांक 05.05.2019 को फौत हुआ पुत्र रघबीर सिंह दिनांक 23.10.2009 को फौत हुआ पुत्र बलबीर सिंह दिनांक 31.05.2020 को फौत हुआ ईशवर सिंह व दलबीर सिंह पुत्रान व शकुन्तला देवी पुत्री रसाल सिंह भीम सिंह (मृतक) के वारसान :-

मुख्तयारो विधवा व रमेश कुमार व विजय कुमार पुत्रान व उषा व सुमन पुत्रीयान भीम सिंह रघबीर सिंह (मृतक) के वारसान :-

माया देवी विधवा व हरीश कुमार व मुकेश कुमार पुत्रान व उर्मिल व सीमा व मन्जू पुत्रीयान रघबीर सिंह 3. मृतक श्री महता राम पुत्र श्री भालू राम निवासी कैथल के वारसान :-

क. चौली देवी पत्नी महता राम निवासी कैथल मृत्यु को प्राप्त हो चुकी है। पुत्र नसीब सिंह पुत्र महता राम दिनांक 19.01.2017 को फौत हुआ और मृतक नसीब सिंह के वारसान :-

आशा रानी विधवा व सोम प्रकाश व मनोज कुमार पुत्रान व सीमा रानी-रजनी-ज्योति पुत्रीयान नसीब सिंह 4. मृतक श्री जय लाल पुत्र श्री भालू राम निवासी कैथल के वारसान :-

क. फुल्लो देवी विधवा जय लाल दिनांक 20.01.2024 को मृत्यु को प्राप्त हो चुकी शकुन्तला देवी व तीन पुत्रगण करतार सिंह व सिरी राम-दलीप सिंह पुत्रान जय लाल निवासीगण कैथल जिसमें से पुत्र करतार सिंह दिनांक 2.7.2017 में मृत्यु को प्राप्त हो चुका है मृतक करतार सिंह के वारसान :-

रानी देवी विधवा करतार सिंह भी मृत्यु को प्राप्त हो चुकी है और मृतक करतार सिंह व रानी देवी के वारसान :-

कृष्ण व राजेश कुमार पुत्रान व गीता देवी पुत्री करतार सिंह है। इस Notice के माध्यम से आमजन खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि बावत उपरोक्त जो वारसान दिये गये है उनको वर्णित भूमि में सभी उपरोक्त वारसान को भू-स्वामी मालिकान बनाया जाना है अगर किसी भी आमजन खास को उपरोक्त वारसान बनने में किसी भी तरह का कोई एतराज है (अर्थात मृतकान चारों द्वारा या उनके वारसान द्वारा किसी भी तरह का उपरोक्त भूमि सम्बन्धित कोई दस्तावेज लिखित में जैसे कोई इकरार नामा या वसीयत या वैनामा आदि हो) तो वह व्यक्ति एक माह के अन्दर-2 अघो-हस्ताक्षरी के समक्ष पेश होकर अपने एतराज पेश कर सकता है अन्यथा इस नोटिस जारी होने के उपरांत एक माह पर उपरोक्त सभी वारसान के नाम वारसान इन्तकाल दर्ज व तसदीक कर दिया जावेगा।

यह नोटिस आज मेरे कार्यालय दिनांक 08.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ है।

**ए.सी. द्वितिय श्रेणी, कार्यालय तहसील कैथल वा-अख्तयारात तहसीलदार कैथल।**

# बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कन्या जन्म पर मनाया 'बेटी उत्सव'

■ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया बेटियों को बचाने और शिक्षित करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

उप स्वास्थ्य केंद्र बीर बांगड़ा के स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कर्मचारी चंद्रकला, सीमा और रामनिवास के नेतृत्व में गांव बीर बांगड़ा के नायक मोहल्ले में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रमोद नायक के घर सुमन पत्नी अनिकेत के यहां कन्या जन्म होने की खुशी में 'बेटी उत्सव' मनाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बेटियों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान चंद्रकला ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उचित शिक्षा और अवसर मिलने पर वे भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पी.टी. उषा, सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला और सानिया मिर्जा जैसी ऊंचाइयों को छू सकती है।



राजौंद। बीर बांगड़ा में कन्या जन्म पर 'बेटी उत्सव' मनाते स्वास्थ्य कर्मचारी व ग्रामीण।

# बेटी के जन्म पर पांच पेड़ अवश्य लगाएं: राकेश

## खेड़ी राओ वाली आंगनवाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम

■ सुरक्षित प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों में ही डिलीवरी करवाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

खेड़ी राओ वाली के आंगनवाड़ी केंद्र में सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला के निर्देशानुसार तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजौंद डॉ. संदीप सिंह के मार्गदर्शन में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एमपीएचडब्ल्यू राकेश रोहिल्ला ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि बेटा और बेटी दोनों समान हैं और हमें कन्या जन्म का उत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियों पर भी उतना ही गर्व करना चाहिए जितना बेटों पर किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बेटी के जन्म पर कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाएं और लिंग जांच व भ्रूण हत्या जैसे अपराधों से दूर रहें। राकेश कुमार ने एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर प्रकाश डालते बताया कि यह टीका गर्भाशय कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। कार्यक्रम के दौरान एमपीएचडब्ल्यू पूजा रानी ने गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं का टीकाकरण किया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने शिशु के सही विकास, समय पर टीकाकरण और सुरक्षित प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों में ही डिलीवरी करवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता श्रीमती अनीता रानी और परमजीत कौर मौजूद रही।



राजौंद। खेड़ी राओ वाली आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते स्वास्थ्य कर्मचारी।

## कलायत में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कैंप

**कलायत।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के देशभर में दस वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर कलायत में एसएमओ डा.किरण सिंधु की देखरेख में उपमंडल नागरिक अस्पताल में कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 89 गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सेवाएं दी गई। डा.सिंधु ने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) के मद्देनजर स्क्रीनिंग की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ.साहिल सिंह ने बताया कि शिविर में सभी गर्भवती महिलाओं को ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन जांच एवं अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की गई। स्वास्थ्य निरीक्षक देवी रानी और आशा कॉर्डिनेटर सुनीता देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कैंप हर महीने प्रदेश के सभी सरकारी हस्पतालों में फ्री लगाए जाते हैं।


कलायत। सरकारी अस्पताल में आयोजित कैंप में गर्भवती महिलाओं की जांच करती स्वास्थ्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षा मंत्री ढांडा से मिला अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का शिष्टमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा ने चंडीगढ़ में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा के साथ शिक्षकों की समस्याओं पर 1 घंटे 10 मिनट तक विस्तार से विषय हुई। शैक्षिक महासंघ के कार्यकर्ताओं ने बैठक के आरंभ में शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा को संगठन का टेबल कैलेंडर, पुस्तक और पत्रिका दे कर किया। चर्चा में शैक्षिक महासंघ ने शिक्षा मंत्री को शिक्षकों की लंबे समय से लंबित राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की 7वे वेतन आयोग के अनुसार मकान किराया भत्ता, चिकित्सा भत्ता, आकस्मिक अवकाश में विभाग की दोहरी भूमिका के लिए, सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में ग्रेच्युटी, समय पर मासिक वेतन भुगतान, राजकीय कालेज में शिक्षकों को अवकाश के बदले अर्जित अवकाश देने के लिए और अवकाश सेवा नियमावली के अनुसार प्राचार्य के द्वारा दिए जानी की व्यवस्था लागू करने आदि शामिल है।


कैथल। शिक्षामंत्री ढांडा को ज्ञापन सौपते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## जनहितैषी योजनाओं का लाभ उठाने की सरल प्रक्रिया से अवगत करवाया

**राजौंद।** नगरपालिका कार्यालय में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को सीधा लाभ प्रदान करने के लिए एक विशाल लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगरपालिका चेयरपर्सन बबीता के कुशल निर्देशन व सचिव नरेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन तथा टीसीओ रितु शर्मा के विशेष सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेले में भारी संख्या में स्थानीय रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और छोटे दुकानदारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम बारे बताया कि इस विशेष शिविर के दौरान कुल 60 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही उचित प्रक्रिया के माध्यम से निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान टीसीओ रितु शर्मा ने उपस्थित लोगों को को पीएम स्वनिधि योजना सहित हरियाणा सरकार की अन्य तमाम जनहितैषी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और लाभ उठाने की सरल प्रक्रिया से अवगत करवाया।


राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते दुकानदार मौके पर मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम** डॉ. सुशील कुमार ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 20 तक चलेगा विशेष प्रचार अभियान : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि सरकार के 12 वर्षों के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए 20 जून तक जिला भर में विशेष प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें मुख्य रूप से जन कल्याण शिविर, जन प्रतिनिधियों द्वारा अपने लोकसभा एवं विधानसभा में एक दिन व्यतीत करना, प्रदर्शनी, पौधा रोपण, सफाई अभियान एवं रोजगार मेले आदि शामिल हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल बनाते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने इस विशेष अभियान के संबंध में अधिकारियों को बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी मिल सके और पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग से संबंधित प्रमुख उपलब्धियों, विकास कार्यों तथा योजनाओं के लाभार्थियों का आंकड़ा तत्काल उपलब्ध करवाएं, ताकि यह जानकारी विभिन्न माध्यमों से जनता तक पहुंचाई जा सके।


कैथल। एडीसी डॉ. सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 15, 16 और 17 जून को तीनों उपमंडल एवं पूंडरी तहसील/खंड पर जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे तथा पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी एवं वीबी जी राम जी योजना आदि से संबंधित पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे। संबंधित एसडीएम इन शिविरों की अध्यक्षता एवं निगरानी करेंगे। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ सुरेश राविश, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, कैथल एसडीएम संजय कुमार, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीडीपीओ रितु लाठर, डीआरओ चंद्र मोहन, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रत्येक मतदाता को भरना होगा गणना प्रपत्र : अजय

■ कलायत में 1 लाख 87 हजार मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूरा


एसडीएम अजय हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

गुहला एवं कलायत विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल प्रत्येक मतदाता को एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) भरना आवश्यक होगा। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर यह फॉर्म उपलब्ध करवाएंगे, जिसे संबंधित मतदाता द्वारा भरकर बीएलओ को वापस देना होगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसडीएम अजय हुड्डा ने मतदाताओं से महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते कहा कि यह प्रक्रिया केवल पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संचालित की जा रही है। बताया कि गुहला क्षेत्र में कुल 1 लाख 93 हजार 840 मतदाता हैं, जिनमें से 1 लाख 56 हजार 728 मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### स्व. सहवाग की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आज

**जींद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रमोद सहवाग ने बताया की वीरवार 11 जून को समाज सेवी रहे स्व परमजीत सहवाग की दसवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। सहवाग ने बताया कि रक्तदान शिविर 11 जून को उनके विजय नगर कार्यालय में रेडक्रॉस के सहयोग से सुबह दस बजे शुरू होगा। प्रमोद सहवाग ने कहा कि स्व परमजीत ने अपनी अल्प आयु में ही उल्लेखनीय कार्य करते हुए समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी समाज सेवा की नेक सोच को आगे बढ़ाते हुए पुण्य तिथि पर दसवां रक्तदान शिविर आयोजित कर परमजीत को याद किया जाएगा।

### सामाजिक मुद्दों पर कुरुक्षेत्र में होगा मंथन

**जींद।** सामाजिक मुद्दों व समाज से जुड़े अभद्र कानूनों को लेकर 12 से 14 जून को उत्तर भारत की खाप पंचायतें, सर्वसमाज के बुद्धिजीवी लोग, सभी धर्मों समाज में काम करने वाले प्रमुखों, सभी जातियों, सभी खाप पंचायतों सामाजिक संगठनों को लेकर तीन दिवसीय चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है। माजरा खाप प्रधान गुरविंद्र सिंह ने बताया कि आज समाज में अनेकों कुरीतियां आ गई हैं। सांस्कृतिक संस्कार से संबंधित कानून भी युवा पीढ़ी की दिशा बदल रहे हैं और ऐसा कोई गांव नही बचा है। जहां लव मैरिज, लीव इन रिलेशनशिप जैसी बीमारी नहीं पहुंची हो। आए दिन समाज में झगड़े पैदा हो रहे हैं।

### शिव परिवार मूर्ति स्थापना महोत्सव 23 व 24 को

**उचाना।** गांव करसिंधु स्थित मंदिर में शिव परिवार की भव्य मूर्ति स्थापना को लेकर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट करसिंधु के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव को लेकर गांव में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। ट्रस्ट प्रधान सतबीर करसिंधु ने बताया कि 23 जून को गांव में भव्य कलश यात्रा एवं शिव परिवार मूर्ति परिक्रमा निकाली जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु धार्मिक यात्रा में भाग लेंगी। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान शिव के जयकारे गूंजेंगे।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण होने पर बोले कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

# भारत ने विकास, विश्वास, जन कल्याण और आत्मनिर्भरता की लिखी नई इबारत

- पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान एक भी अवकाश नहीं लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी, निर्णायक और जनकल्याणकारी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है और वैश्विक मंच पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी तथा प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 वर्षों में भारत ने विकासए विश्वास, जन कल्याणए सुशासन और आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखी है।

गुरुद्वारा सिंह सभा में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सरकार की जनहितकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। इस दौरान उन्होंने गुरूद्वारा सिंह सभा में माथा टेक कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ्य जीवन एवं लंबी उम्र की कामना की और संस्था द्वारा लगाई गई छबील में आमजन को पानी पिलाकर सेवा भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि तथा डिजिटल इंडिया जैसी ऐतिहासिक योजनाओं ने करोड़ों भारतीयों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें सम्मानजनक और बेहतर जीवन प्रदान किया है। आज देश में पारदर्शिताए जवाबदेही और तकनीक आधारित प्रशासन के माध्यम से सुशासन की नई मिसाल कायम हुई है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत विनिर्माण, स्टार्टअप, नवाचार, डिजिटल तकनीक, अंतरिक्ष अनुसंधान, रक्षा उत्पादन और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में देश ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

### नपा जुलाना में लोगों ने किया हवन-यज्ञ

**जुलाना।** नगरपालिका कार्यालय जुलाना में कार्यकारी प्रधान पवन सैनी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर देश की उन्नति, विकास और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधान पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है। गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिनसे देश को मजबूती मिली है। सैनी ने कहा कि देश आज विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है और भारत की संस्कृति एवं गौरव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हवन यज्ञ के दौरान विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी गईं तथा राष्ट्र की समृद्धि और नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के वैश्विक स्तर पर मजबूत होने की बात कही और उनके कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया।



**जुलाना।** नगरपालिका कार्यालय में आयोजित हवन यज्ञ में उपस्थित लोग।



**उचाना।** कसूहन में हवन करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री व अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

## पीएम मोदी के 4399 दिन पूरे होने पर कसूहन में हुआ हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

पीएम के रूप में 4399 दिन पूरे होने पर गांव कसूहन में पीएम नरेंद्र मोदी की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर हवन हुआ। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने पूर्णाहुति देकर देश की प्रगति और प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर विभिन्न गांवों से लोग पहुंचे। विधायक ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में बना यह रिकॉर्ड ऐतिहासिक है। पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की सोच के साथ देश को नई दिशा दी है। भाजपा सरकार लगातार अंत्योदय की भावना को साकार कर रही है और विकसित भारत का सपना 2047 तक पूरा हो जाएगा।

### बीरेंद्र सिंह को भाजपा ने सब कुछ दिया

उचाना के मतदाताओं द्वारा सरिया निकालने वाले बयान के वायरल होने पर अत्री ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह उनके बुजुर्ग और पिता तुल्य हैं, इसलिए वह व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करते। हालांकि उन्होंने कहा कि हलके में पिछले 45 वर्षों तक एक ही परिवार सत्ता में काबिज रहा। भाजपा सरकार ने क्षेत्रवाद और परिवारवाद की राजनीति को समाप्त कर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले उचाना के लोगों को सम्मान नहीं मिलता था और दूर-दराज से आने वाले लोगों को पानी तक नहीं पूछा जाता था। व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण उसका मान-सम्मान होता है।भाजपा ने चौधरी बीरेंद्र सिंह के परिवार को बहुत कुछ दिया।

## पीएम मोदी के लिए पूर्व विधायक भाई लीलाराम ने बाबा बिहारी दास के मंदिर में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- पूर्व विधायक ने पौधा लगाकर लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कैथल।** पूर्व विधायक लीला राम ग्रामीणों के साथ *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व विधायक भाई लीलाराम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबसे लंबे 4399 दिन के कार्यकाल में कई गांवों में जाकर के कार्यक्रम किए। लीलाराम ने सुबह गांव धौंस में जाकर के सरकारी स्कूल में सभी गांव वाले लोगों के साथ सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। लीलाराम ने कहा कि ये सब करने का एक ही उद्देश्य है कि हम सबके अंदर स्वच्छता की भावना निर्माण हो, हम सब संकल्प लें कि स्वयं अपने और अपने आस-पास स्वच्छता पूर्ण वातावरण में रहेंगे। और अपने आस-पास सभी जगह सफाई रखेंगे। इसके बाद पूर्व विधायक लीलाराम गांव कठवाड़ में बाबा बिहारी दास के मंदिर में जाकर महंत त्रिवेणी दास के सानिध्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लिए प्रार्थना की और आरती भी की। साथ में गाँव के सरपंच जागरसिंह सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। महंत त्रिवेणी दास जी ने पूजा अर्चना के साथ सभी को आशीर्वाद भी दिया। उसके बाद लीलाराम ने गांव दयोरा में विक्रम सरपंच के निवास पर पहुंचकर युवाओं को संबोधित किया और कहा कि हमें स्वयं एक पौधा लगाकर के पर्यावरण को बचाने का प्रयास करना चाहिए। गांव में जहां खाली जमीन पड़ी है, वहां स्वयं और सरपंच को साथ लेकर के पौधे लगाने का काम करना चाहिए। इसके साथ ही लीलाराम ने कहा कि हमें प्लास्टिक मुक्त बनना है और कम से कम हमें प्लास्टिक का प्रयोग करना है, ये सब संकल्प पूर्व विधायक लीलाराम ने उन युवाओं से करवाया। इस मौके पर रघुबीर फ़ौजी दयोरा, रामकुमार नैन, सतीश सरपंच धोस, जागर सरपंच कठवाड़, विक्रम सरपंच दयोरा, जयसिंह पूर्व सरपंच, शमशेर सिंह, सतु कठवाड़, महिपाल काठवाड़, रमेश पूर्व कानूगो, डॉ पहलू धोस, सीता राम, गुरनाम धोस, जोगिंदर, पहलू राम, प्रेम सिंह, पृथ्वी सिंह, भले राम, रामफल नंबरदार, कुशलपाल सैन,दीपा आदि शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए पुण्डरीक तीर्थ पर हुआ हवन-यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

- सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के 12 स्वर्णिम वर्षों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव



**पूंडरी।** हवन-यज्ञ एवं पूजा-अर्चना में भाग लेते विधायक सतपाल जाम्बा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

पवित्र पुण्डरीक तीर्थ पुंडरी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्र की निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष हवन-यज्ञ एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के साथ हवन में आहुति डालकर देश की खुशहाली और विकास के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर विशेष चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक स्तर पर बढ़ती भारत की प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनकी 4,399 दिनों की जनसेवा यात्रा देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली प्रेरणादायक गाथा है।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों की सराहना की और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। हवन-यज्ञ के दौरान पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था, राष्ट्रभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर चेयरमेन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी व पार्षद गण मौजूद थे।

### अर्चना शर्मा पूंडरी ब्लॉक समिति की नई चेयरपर्सन

**पूंडरी।** ब्लॉक समिति पूंडरी की नई चेयरपर्सन के रूप में अर्चना शर्मा को सर्वसम्मति से चुन लिया गया। यह पद 14 मई को तत्कालीन चेयरपर्सन सुषमा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद रिक्त हो गया था। नई चेयरपर्सन के चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा 10 जून की तिथि निर्धारित की गई थी। मंगलवार को आयोजित बैठक में ब्लॉक समिति के 26 में से 18 सदस्यों ने भाग लिया। सभी उपस्थित सदस्यों ने अर्चना शर्मा के पक्ष में मतदान करते हुए उन्हें सर्वसम्मति से चेयरपर्सन निर्वाचित किया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासन की ओर से बीडीपीओ राज सिंह मौजूद रहे, जबकि पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा भी बैठक में शामिल हुए।



अर्चना शर्मा के नाम का प्रस्ताव मेहरचंद डीग ने रखा, जिसका अनुमोदन हजवाना निवासी हरदेव ने किया। इसके बाद सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से अर्चना शर्मा को ब्लॉक समिति पूंडरी की नई चेयरपर्सन चुन लिया। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि ब्लॉक समिति क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई चेयरपर्सन के नेतृत्व में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

### गोशाला में 60 क्विंटल हरा चारा किया भेंट

**सीवन।** गांव पाबसर स्थित श्री अमरनाथ गौशाला में समाजसेवी विनोद कुमार एवं बलबीर सिंह ने गायों के लिए लगभग 60 क्विंटल हरा चारा भेंट कर सेवा और सहयोग की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की। गौशाला पहुंचने पर दोनों समाजसेवियों का स्वागत किया गया तथा उनके इस योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर विनोद कुमार और बलबीर सिंह ने कहा कि गौशालाएं समाज की अमूल्य धरोहर हैं और इनके संचालन में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा का भाव ही समाज को जोड़ने का कार्य करता है तथा जरूरतमंद जीवों की सेवा से आत्मिक संतोष प्राप्त होता है।



गौशाला के प्रधान नवाब सिंह ने कहा कि गौशाला के संचालन में समाज के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि विनोद कुमार लंबे समय से गौशाला से जुड़े हुए हैं और चारे के सहयोग के साथ-साथ गौशाला परिसर की सफाई सेवा भी पूरी निष्ठा और समर्पण से करते हैं। ऐसे सेवाभावी लोगों के कारण ही समाज में परोपकार और सहयोग की भावना मजबूत होती है। नवाब सिंह ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही गौवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सकती है।



### योग को लेकर निकाली जागरूकता यात्रा

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयुष विभाग द्वारा गांव दरियावाला, खेड़ी जाजवान, संगतपुरा एवं जीतगढ़ में योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह योग जागरण यात्रा जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश तथा योग विशेषज्ञ गोविंद के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई। अभियान का संचालन आयुष योग सहायक सुनीता द्वारा किया जा रहा है।

### बेटियां हैं समाज की असली शक्ति : सुनीता कुमारी

**जींद।** उप स्वास्थ्य केंद्र जाजवान के तहत गांव ढांडाखेड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनीता कुमारी व सुशील शर्मा एमपीएचडब्ल्यू ने कहा कि बेटियां केवल परिवार की जिम्मेदारी नही बल्कि समाज और देश की प्रगति की आधारशिला होती हैं। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां शिक्षा, खेल, प्रशासन, चिकित्सा, विज्ञान एवं सेना सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। इसलिए समाज को अपनी सोच बदलनी होगी।



### श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**कैथल।** श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति ने बुधवार को ताऊ देवी पार्क सेक्टर 20में निशुल्क कैंप लगाया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हुड्डा के प्रधान जगनमोहन लवपाल पहुंचे। प्रधान मनोज सिंगला ने उनका पहुंचने पर स्वागत किया। इसमें डॉक्टर पवन थरेजा व डॉक्टर मुकेश गोयल पहुंचे। इसमें लगभग 132 लोगों का स्वास्थ्य चेक किया गया। चिराग बंसल ने कहा कि समाज सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है, ये कैंप हर महीने लगाया जाता है। श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति द्वारा सिविल हॉस्पिटल में 15किलो दूध 10 पैकेट ब्रेड वितरित किए गए। जुगल किशोर ने बताया कि 11 गरीब कन्याओं की शादी का विचार चल रहा है।



**जींद।** प्रतियोगिता में निशाना लगाते हुए साक्षी।

### नोर्थ जोन की निशानेबाजी प्रतियोगिता में इंडस के तीन छात्रों का चयन

**जींद।** गत दो जून से 12 जून तक डा. केएसएसआर तुगलकाबाद नई दिल्ली स्टेडियम में परि स्टेट निशानेबाजी प्रतियोगिता हुई। जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल जींद के तीन छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। छात्रा साक्षी ने 10 मीटर और 50 मीटर राइफल यूथ वूमैन प्रतियोगिता में स्टेट क्वालिफाई कर नोर्थ जोन में अपनी जगह बनाई। कक्षा दसवीं के छात्र कदम और ईशान ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्टेट क्वालिफाई कर नोर्थ जोन में अपनी जगह बनाई। अब ये छात्र आगामी नोर्थ जोन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने विजेता खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षक सुखबीर ढांडा को बधाई देते हुए कहा कि हमारा इंडस ग्रुप हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेकर अपना विशेष स्थान बना रहा है। उन्होंने अन्य बच्चों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से हमारे अन्दर आत्मविश्वास, एकाग्रता और मेल-जोल की भावना बढ़ती है। इसलिए आज के विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ खेलों में भी विशेष स्थान बनाना चाहिए।

**गड़बड़ी** | निर्माण कार्य में अनियमितता और भ्रष्टाचार का लगा आरोप

# एसडीएम ने कलायत में 42 लाख रुपये से नव निर्मित गली के कार्यों की जांच के लिए गठित की कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत शहर के वार्ड नंबर 7 में नेशनल हाईवे से खरक वाला दरवाजा तक अनुमानित 42 लाख रुपए के बजट से नव निर्मित गली में कथित अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के आरोपों लिए प्रशासन ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इस कमेटी में सिंचाई विभाग एसडीओ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कनिष्ठ अभियंता व नगर पालिका अभियंता को शामिल किया गया है। यह निर्णय एसडीएम अजय हुड्डा ने वार्ड नंबर 6 के पार्षद प्रदीप राणा की शिकायत पर बुधवार को सुनवाई करते हुए लिया। एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारियों से निर्माण कार्य से संबंधित मेजरमेंट बुक (एमबी) का पूरा ब्यौरा मांगा। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संबंधित निर्माण कार्य की मेजरमेंट बुक की कार्यवाही को पूरा नहीं किया है। एसडीएम ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि बिना मेजरमेंट बुक के निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री, मात्रा और गुणवत्ता का सही आंकलन संभव नहीं है।



**कलायत।** वार्ड 7 में नव निर्मित गली की बदहाल स्थिति।

### शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी जांच कमेटी

एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की निर्माण एवं विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि यदि कहीं गड़बड़ी पाई जाती है तो जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके।

### पारदर्शिता प्रशासन की प्राथमिकता

एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि सरकारी धन से किए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने नव निर्मित गली की वास्तविक स्थिति और निर्माण की गुणवत्ता की धरातल पर जांच के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। जांच कमेटी टेंडर की शर्तों और निर्धारित मानकों के अनुरूप हुए कार्य का मूल्यांकन करेगी। सुनवाई के दौरान पार्षद प्रदीप राणा ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी शिकायत पर की गई पूर्व जांच की प्रक्रिया में उन्हें शामिल नहीं किया गया। न ही किसी प्रकार का नोटिस भेजा गया। उन्होंने इसे प्रशासनिक प्रक्रिया में गंभीर चूक बताया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पार्षद प्रदीप राणा ने कहा कि नेशनल हाईवे से रामगढ़ मोड से खरक वाला दरवाजा तक लाखों रुपए की लागत से नव निर्मित गली का निर्माण कार्य लोकार्पण से पहले ही जिस प्रकार जांच के घेरे में आई है वह गोलमाल का प्रमाण है। गली के जगह-जगह से टूटने व प्रयुक्त निर्माण सामग्री का बिखरना गड़बड़ी की मुंह बोलती कहानी है। एस्टीमेट, टेंडर प्रक्रिया और धरातल पर कार्य कहीं मेल नहीं खा रहा। गली का एक बड़ा हिस्सा कंकरीट से बनाया गया है। पहली ही बारिश में पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह गली नाले जैसी दिखाई देने लगी।



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए गणमान्य लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### डा. बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी का नाम बदल कर अटल लाइब्रेरी करने पर रोष जताया

**जींद।** अनुसूचित जाति के लोगों की बैठक बार रूम में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निर्णय लिया गया की नौ जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री ने सरपंचों के माध्यम से भारत रत्न बाबा साहब डा. बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी का नाम बदल कर अटल लाइब्रेरी कर दिया गया है, इसके विरोध में 12 जून को जींद बड़ा आंदोलन होगा रानी तालाब जींद पर आंदोलन के माध्यम से राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को ज्ञापन दिया जाएगा। अधिवक्ता देशराज सरोहा, राजेश पहलवान ने कहा कि बाबा साहेब लाइब्रेरी का नाम बदलकर अटल पुस्तकालय कर दिया है। अगर सरकार ने अटल पुस्तकालय बनाना है तो उसके लिए अलग से जगह पर बनाया जाए। अगर सरकार ऐसा नहीं करती तो वो आंदोलन करने पर मजबूर होगा। जिसकी जिम्मेवारी हरियाणा सरकार की होगी। इस मौके पर विनोद टिंडल, रवि सरोहा, राकेश भुक्कल, राहुल भुक्कल, सोमवीर खनगवाल, विनोद, नरेश खापड़ आदि मौजूद रहे।